# कार्यालय वन संरक्षक, अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

कृषि वानिकी चेतना केन्द्र, अनूपषहर रोड़, छेरत, अलीगढ़, पिन–202001 * ई–मेलः cfaligarh@gmail.com

पत्रांक 3459 / 14–1, दिनांकःअलीगढ़ःमई 10, 2016

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषयः– एटा–अलीगंज मार्ग (एम0डी0आर–98) किमी0 25.118 की दॉयी पटरी पर ग्राम राजपुर के खसरा संख्या–171 में एस्सार आयल लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु संशोधित क्षेत्रफल 0.0616 हे0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्र योग की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक 2035 / 11सी, दिनांक 21.03.2016

महोदय,

भारत सरकार की पत्र संख्या–8बी / यू0पी / 06 / 26 / 2016 / एफ0सी0 / 1500, दिनांक 15.03.2016 द्वारा लगाई गई आपत्तियों का याचक विभाग एवं प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, एटा द्वारा बिन्दुवार निम्नानुसार निराकरण कराते हुए आन लाइन कर संशोधित प्रस्ताव प्रेषित किया है, जिसे 3 प्रतियों में सी0डी0 सहित संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्ताव आल लाइन कर दिया गया है। एक्लोजमेन्ट रसीद संलग्न है।
2. प्रस्ताव में पृष्ठ संख्या अंकित कर सही कम में लगा दिये गये हैं।
3. लीज अवधि पर सही अवधि अंकित कर हस्ताक्षर कर दिये गये हैं।
4. फार्म ए के पार्ट–2 में कार्ययोजना के अनुसार वर्णित कार्य अंकित कर दिया गया है।
5. हस्ताक्षर के नीचे पदनाम की मुहर लगा दी गयी है।
6. ले–आउट प्लान के अनुसार प्रस्तावित वन भूमि की पुनः गणना कर सही प्रभावित वन भूमि अंकित कर दी गयी है।
7. जी0पी0एस0मैप की सी0डी0 संलग्न है।
8. मैप पर टाइटल अंकित कर दिया गया है।
9. ले–आउट प्लान पर पी0डब्लू0डी0 के सम्बन्धित अधिकारी के हस्ताक्षर करा दिये गये हैं।
10. सी0ए0 क्षतिपूरक वनीकरण का जी0पी0एस0 मैप सी0डी0 में संलग्न है।
11. क्षतिपूरक वनीकरण के चयनित स्थल मात्र 100 पौधों का रोपण कराया जाना है। उक्त पौधों के रोपण हेतु भूमि रिक्त है। आस पास खड़े वृक्षों के कारण सम्भवतः हरियाली घनत्व ज्यादा दिखाई दे रहा है।
12. एन0पी0वी0 की गणना निर्धारित प्रपत्र में सही अंकित कर दी गयी है।
13. क्षतिपूरक वनीकरण का प्राक्कलन पूर्ण विस्तार से तैयार कर संलग्न है।
14. भूमि उपयुक्तता / स्वामित्व प्रमाण पत्र को निर्धारित प्रारूप में तैयार कर संलग्न है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(ललित कुमार वर्मा)
वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

पत्रांक 3459 / 14–1, समदिनांकित।

1– प्रतिलिपि– प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, एटा को पत्रांक 2414 / 14–1, दिनांक 05.05.2014 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

2– प्रतिलिपि– प्रबन्धक रिटेल सेल्स मैनेजर एस्सार आयल लि0 नोएडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(ललित कुमार वर्मा)
वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

तीन प्रति प्राप्त की
Sanjay.
Kumar
10/05/2016

C.F. Office/Draftman/Land Transfer/com-ii